# University in News on 18 March 2021



**AMRIT VICHAR PAGE 3**

## अर्थशास्त्र विभाग में नई स्कालरशिप शुरू

लविवि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व वर्तमान में नीति आयोग के उपाध्यक्ष डा. राजीव कुमार अपने पिता की स्मृति में श्री विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कालरशिप मेधावी छात्रों को देंगे। इसके पात्र लविवि से बीए अर्थशास्त्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले और एमए (अर्थशास्त्र) प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्र होंगे। स्कालरशिप के तहत उन्हें एक हजार रुपये प्रतिमाह दो साल तक दिया जाएगा।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष डा. राजीव कुमार ने करीब 30 साल पहले लविवि से पीएचडी की पढ़ाई पूरी की थी। उन्होंने पिता की याद में स्कालरशिप शुरू करने पर अपनी सहमति देते हुए मानक तय किए हैं। इसके लिए समिति बनाई गई है, जिसमें विभागाध्यक्ष प्रो. अग्रवाल के साथ पदेन परीक्षा नियंत्रक और कुलसचिव भी शामिल हैं।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## टूरिज्म के छात्र अब देश में कहीं भी कर पाएंगे ट्रेनिंग

एलयू

लखनऊ | निज संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के टूरिज्म विभाग के छात्रों के लिए अच्छी खबर है। पर्यटन विभाग के छात्रों को एक बड़ा मौका मिलने जा रहा है, अब वह राजधानी समेत देश भर में इटर्नशिप के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

इसके लिए इंडियन एसोसएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने इंस्टिट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज में एक एमओयू भी हो चुका है। कुलपति प्रो आलोक राय ने बताया कि लखनऊ विश्विद्यालय के नए कैंपस में इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज का संचालन होता है।

यहां अंडर ग्रेजुएशन में बीबीए टूरिज्म और पोस्ट ग्रेजुएशन में मास्टर्स ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट की पढ़ाई कराई जाती है। इन दोनों कोर्स में कम से कम 300 छात्र पढ़ रहे हैं।

अभी तक बीबीए चौथे सेमेस्टर के बाद 2 महीने की ट्रेनिंग होती है। पीजी में छात्रों को एक साल बाद ट्रेनिंग करनी होती है। अब तक छात्र लखनऊ और दिल्ली में ही ट्रेनिंग कराई जाती है। एमओयू साइन होने के बाद इसका दायरा बढ़ गया है जिससे छात्रों को अन्य शहरों का अनुभव भी मिलेगा।

### अर्थशास्त्र के छात्रों को एक हजार प्रतिमाह स्कॉलरशिप

एलयू के अर्थशास्त्र विभाग के मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप दी जाएगी। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इसकी प्रक्रिया शुरू कराने के लिए अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष को पत्र जारी कर दिया। पूर्व छात्र एवं नीति आयोग के उपाध्यक्ष डा. राजीव कुमार अपने पिता की याद में श्री विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप देंगे। एलयू से बीए अर्थशास्त्र में सर्वाधिक अंक लाने और एमए (अर्थशास्त्र) प्रथम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी इसके पात्र होंगे। उन्हें प्रति माह एक हजार की धनराशि दो साल तक दी जाएगी। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डा. राजीव कुमार ने करीब 30 साल पहले लविवि से पीएचडी की थी।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## अर्थशास्त्र के टॉपर को पीजी में मिलेगी छात्रवृत्ति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के बीए अर्थशास्त्र के टॉपर छात्र को लविवि में ही परास्नातक की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार अपने पिता की स्मृति में श्रीविद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप योजना लॉन्च करने जा रहे हैं। डॉ. राजीव कुमार लविवि के पूर्व छात्र रह चुके हैं। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. एमके अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें कुलसचिव डॉ. विनोद सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएन सक्सेना और प्रो. अग्रवाल स्वयं हैं। अर्थशास्त्र में टॉप करने वाला छात्र छात्रवृत्ति के लिए पात्र होगा। इसके लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य होंगे। अगर टॉपर छात्र दूसरे विवि से पीजी करता है तो उसके निचले क्रम को वरीयता दी जाएगी। चयनित छात्र को दो वर्ष तक एमए अर्थशास्त्र की पढ़ाई करने के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

**लविवि : नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने अपने पिता की स्मृति में लॉन्च करेंगे योजना**

**JAGRAN CITY PAGE I & III**

## नीति आयोग के उपाध्यक्ष पिता की याद में देंगे छात्रवृत्ति

जागरण संवाददाता, लखनऊ : नीति आयोग के उपाध्यक्ष एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डा. राजीव कुमार अपने पिता की याद में श्री विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कालरशिप देंगे। लविवि से बीए अर्थशास्त्र में सर्वाधिक अंक लाने वाले मेधावी और एमए (अर्थशास्त्र) प्रथम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी इसके लिए पात्र होंगे। उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपये की धनराशि दो साल तक दी जाएगी। डा. राजीव कुमार की सहमति मिलने के बाद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इसकी प्रक्रिया शुरू कराने के लिए अर्थशास्त्र विभाग के हेड को पत्र जारी कर दिया है।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष डा. राजीव कुमार ने करीब 30 साल पहले लविवि से पीएचडी किया था। स्कालरशिप देने के लिए कमेटी बनाई गई है, जिसमें अर्थशास्त्र विभाग के हेड प्रो. एमके अग्रवाल के साथ-साथ परीक्षा नियंत्रक और कुलसचिव भी शामिल हैं। चयनित विद्यार्थी के नाम पर कुलपति का अनुमोदन अनिवार्य होगा।

**ये होंगे मानक :** यदि सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता किन्हीं कारणवश एमए अर्थशास्त्र प्रथम वर्ष में प्रवेश नहीं लेता है तो दूसरे अथवा तीसरे क्रम में प्रवेशित छात्र को यह छात्रवृत्ति दी जाएगी, लेकिन उसका अर्थशास्त्र विषय का प्राप्तांक 60 फीसद से कम नहीं होना चाहिए। यदि छात्र एमए प्रथम वर्ष में फेल हो जाता है तो वह छात्र अगले वर्षों में छात्रवृत्ति के लिए पात्र नहीं होगा। प्रति माह एक हजार रुपये की दर से दो विद्यार्थियों पर कुल 24 हजार रुपये वार्षिक व्यय होगा। छात्रवृत्ति प्रारंभ होने पर प्रथम वर्ष में एक विद्यार्थी को दी जाएगी, लेकिन दूसरे वर्ष में प्रथम और द्वितीय वर्ष के एक-एक विद्यार्थी को मिलेगी। यदि छात्र और छात्रा को बराबर अंक मिलते हैं तो छात्रवृत्ति छात्रा को दी जाएगी और यदि दो छात्रों को बराबर अंक मिलते हैं, तो दोनों को छात्रवृत्ति बराबर बांट दी जाएगी।



डा. राजीव कुमार की सहमति मिलने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने प्रक्रिया की शुरू

### प्रो. एम सेराजुद्दीन बने निदेशक

लखनऊ : लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने जूलाजी विभाग के शिक्षक प्रो. एम सेराजुद्दीन को इंस्टीट्यूट आफ फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलाजी का निदेशक बनाया है। इनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होगा। इसके अलावा केमेस्ट्री विभाग के शिक्षक डा. नरेंद्र कुमार सिंह को इंस्टीट्यूट का कोआर्डिनेटर नामित किया है। (जासं)

**i-NEXT PAGE IV**

## नीति आयोग के उपाध्यक्ष पिता की याद में देंगे स्कॉलरशिप

LUCKNOW (17 March): नीति आयोग के उपाध्यक्ष एवं लखनऊ यूनिसर्विटी के पूर्व छात्र डॉ. राजीव कुमार अपने पिता की याद में श्री विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कालरशिप देंगे. एलयू से बीए इकोनॉमिक्स में सर्वाधिक अंक लाने वाले मेधावी और एमए (अर्थशास्त्र) प्रथम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी इसके लिए पात्र होंगे. उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपये की धनराशि दो साल तक दी जाएगी. डॉ. राजीव कुमार की सहमति मिलने के बाद यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने इसकी प्रक्रिया शुरू कराने के लिए इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट के हेड को पत्र जारी कर दिया है.

### एलयू से की थी पीएचडी

नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने करीब 30 साल पहले एलयू से पीएचडी किया था. स्कालरशिप देने के लिए कमेटी बनाई गई है, जिसमें अर्थशास्त्र विभाग के हेड प्रो. एमके अग्रवाल के साथ-साथ परीक्षा नियंत्रक और कुलसचिव भी शामिल हैं.

**THE PIONEER PAGE 4**

## Wildlife Institute to carry out sparrow census on March 20

Lucknow (PNS): The Institute of Wildlife, Lucknow University will carry out a sparrow census in Lucknow on Sparrow Day (March 20). Institute coordinator Amita Kanaujia said anyone can participate in the census by counting the number of sparrows from 6:30 am to 7 am and sending them the figures.

She said that under Butterfly Week and World Sparrow Day, a car campaign is being organised to spread awareness about sparrows and butterflies. She said the events will be organised in collaboration with UP State Biodiversity Board and Lucknow zoo.

She said the census is being carried out since 2013 when the figure was 2,503, followed by 3,362 in 2014, 5,637 in 2015, 6,036 in 2016, 7,074 in 2017, 8,654 in 2018, 11,675 in 2019, and 15,324 in 2020. Kanaujia said they will also promote installation of sparrow houses to attract the birds and also distribute these houses along with the sparrow feed to people.

"The sparrow is a small, stocky song bird with a thick bill and short legs. The sexes of the bird are dimorphic. Their stout beaks are suited to a diet based on cereals. Sparrow houses will help in attracting the birds," she said.